छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष... पृष्ठ 2 | सब्जी की आड़ में अवैध शराब... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 29 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 106, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# नगरीय निकाय चुनाव में विकास का नया अध्याय लिखेगी भाजपा - डॉ रमन सिंह







**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिवनाथ वाटिका में भाजपा द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी है और जिसे भी प्यार करती है उसे भारी मतों से विजय श्री दिलाती है,

उन्होंने कार्यकर्ताओं को हैट्रिक लगाने का आवाहन किया और कहा कि पहले 5 वर्षों तक कांग्रेस ने राजनांदगांव की उपेक्षा की और प्रत्युत्तर में यहां की जनता ने पहले भाचे को निपटाया, फिर काका आया उसे भी यहां की जनता ने सबक सिखा कर वापस पाटन भेज दिया । फिर से आज उसका शिष्य आया है।और हमने आपके बीच का सरल, सहज और मिलनसार प्रत्याशी मधुसूदन यादव को प्रत्याशी बनाया है, उसे जीता कर राजनांदगांव का समुचित विकास करना है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के विकास की मैं गारंटी लेता हूं। उन्होंने कहा कि नवागढ़ से प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल जी यहां के प्रभारी हैं,और जीत के बाद में फिर से आएंगे और यहां की जनता का धन्यवाद देंगे। डॉ रमन सिंह ने कहा कि 1 वर्ष में छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन कर दिया है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता मेहनत और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से भाजपा कार्य करती है, और विकास के मूल मंत्र पर सदैव ही अग्रसर होते हुए प्रदेश का समुचित विकास करती है । प्रधानमंत्री मोदी गारंटी के रूप में विष्णु देव साय सरकार धान के लिए ?3100 प्रति क्विंटल दे रही है और किसानों का पूरा धान भी खरीद रही है, साथ ही 14 लाख किसानों को 2 साल का बोनस भी दिया गया है, इसके अलावा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रत्येक माह ?1000 मिल रहे हैं। भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए 18 लाख आवास इकाइयों को मंजूरी दे दी है,जिसका निर्माण शुरू हो चुका है।प्रदेश के ओजस्वी मंत्री दयालदास बघेल ने सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए कहा कि सरकार ने शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए नई शिक्षा नीति के तहत रोजगार मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया है, 68 लाख गरीब परिवारों को मुक्त राशन वितरण के साथ-साथ प्रदेश में बुनियादी ढांचे परियोजनाओं के कार्य शुरू होने से रोजगार के अवसर भी तेजी से बड़े हैं। 3100 करोड रुपए की बड़ी सड़क परियोजना की मंजूरी भी मिल चुकी है जिसके तहत विष्णुदेव साय सरकार किसानो के हित में,मातृशक्ति और युवा शक्ति के समुचित विकास के लिए कार्य कर रही है।

सांसद संतोष पांडे ने ओजस्वी अंदाज में अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा उम्मीदवार लोकप्रिय है, उसे जनता का आशीर्वाद जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुंभ पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है उन्होंने स्टालिन के अंदाज में सनातन का विरोध किया है श्री पांडे ने कहा कि आज एप्पल का मालिक भी कुंभ में गंगा की डुबकी लगाकर अपने आप को धन्य मान रहा है और ऐसे में कांग्रेस भारत की सनातन संस्कृति पर प्रश्न चिन्ह उठाती है ऐसी कांग्रेस को और ऐसे भूपेश काका के चेले महापौर प्रत्याशी को इस चुनाव में जरूर सबक सिखाएं।संतोष पांडे ने कहा कि यह लोकल चुनाव है और पानी बिजली सड़क आपकी हर सुख दुख में आपके साथ रहने वाला पार्षद और महापौर चुनने का समय यही चुनाव है इसलिए सहज सरल व्यक्तित्व के धनी मधुसूदन यादव के साथ भाजपा के पार्षदों को वोट करने का आव्हान उन्होंने किया।



**भाजपा की नामांकन रैली से भाजपामय हुआ राजनंदगांव**

### मधुसूदन यादव ने पार्षदों को जमीनी हकीकत बताई

कार्यकर्ता सम्मेलन में महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने अपने पार्षद काल के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि वे जब चुनाव प्रचार में निकलते थे,तब कांग्रेसी घर में भी जाकर समय बिताते थे और वोट मांगा करते थे, जिसका प्रतिफल यह हुआ कि कई कांग्रेसियों ने भी उन्हें वोट दिया था,उन्होंने पार्षद प्रत्याशियों को आवाहन किया कि किसी को भी पराया ना समझे और सभी को अपने साथ लेकर चलें सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास का लक्ष्य लेकर चलेंगे तो वार्ड का भला होगा और भारतीय जनता पार्टी कमल निशान जरूर जीतेगा।इसके पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं को डॉ रमन सिंह के 15 वर्ष के कार्यकाल में हुए राजनांदगांव के विकास को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया तत्पश्चात पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कार्यकर्ताओं को कहा कि चयन तक सभी प्रत्याशी प्रयास करते हैं परंतु एक प्रत्याशी के चयन के बाद सभी मिलजुल कर शहर को बेहतर बनाने की इच्छा के साथ कार्य करेंगे तो न केवल शहर का बल्कि पूरे जिले का विकास होगा उन्होंने प्रत्याशियों को डोर टू डोर जाकर, लोगों से संपर्क कर वोट मांगने का आवाहन

भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है हम ही सवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखने की बारी आ चुकी है, उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने विकास के अद्भुत कार्य किए हैं वह जनता के सामने हैं बीते 1 साल में जो वादे हमने किए थे वह मोदी की गारंटी के तहत पूरे किए जा चुके हैं इसलिए भाजपा केवल बोलती नहीं बल्कि करती भी है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल मिथिलेश्वरी वैष्णव, राजेंद्र गोलछा ने भी कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कि विगत 5 वर्ष में कांग्रेस की महापौर ने निगम को खस्ता हालत में ला दिया यहां तक की कर्मचारियों को देने के लिए फंड तक नहीं था,जिसे डॉ रमन सिंह के विशेष प्रयास से भाजपा सरकार ने प्रदान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन युवा नेता भावेश वेद ने किया कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी अतुल रायजादा गोलू गुप्ता एवं सुमित भाटिया ने सभी परिषदों का गमछा लगाकर स्वागत सत्कार किया तथा रेखा मेश्राम,आभा तिवारी,मिथलेश्वरी वैष्णव ने महिला पार्षद प्रत्याशियों का सम्मान किया।कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में 51 वार्डों के नागरिकगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला प्रभारी विजय शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को चार्ज किया

प्रदेश सरकार के गृहमंत्री एवं राजनांदगांव के जिला प्रभारी विजय शर्मा भी कार्यकर्ता सम्मेलन में अंतिम दौर में पहुंचे और उन्होंने अपना मार्गदर्शन देते हुए बताया कि वह दुर्ग नामांकन रैली में उपस्थित थे जहां से वह सीधे ही राजनांदगांव पहुंचे हैं। राजनांदगांव की जनता और यहां की संस्कारधानी नगरी की विशेषता के कारण वह आज की नामांकन रैली में शामिल होने का मोह छोड़ नहीं सके, इसलिए वे तुरंत ही रैली में पहुंचे है।

# प्रमुख पार्टी के दावेदारों के साथ 04 अन्य निर्दलीय प्रत्याशी आए मैदान में





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरी निकाय चुनाव नामांकन के आखिरी दिन दोनों प्रमुख पार्टी भाजपा व कांग्रेस के द्वारा शक्ति प्रदर्शन करते हुए गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय पहुँचकर अध्यक्ष व 24 वार्डो के पार्षद प्रत्याशी के अपना अपना नामांकन भरा गया. भाजपा के द्वारा शहर स्थित भाजपा कार्यालय से कार्यकर्ताओं के समर्थन में जुलूस निकालकर उत्साह के साथ नामांकन पत्र भरा गया तो कांग्रेस के द्वारा भगत सिंग चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से जुलूस निकालकर तहसील कार्यालय पहुँचने के पश्चात अध्यक्ष सहित नगर वार्ड के सभी पार्षद पद के प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन पत्र पीठासीन अधिकारी मनोज मरकाम के समक्ष प्रस्तुत किया गया. अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में भाजपा से रमन डोंगरे तो कांग्रेस से नलिनी मेश्राम चुनाव लड़ रहे है तो दूसरी ओर 04 अन्य दावेदार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया है. निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भाजपा के प्रत्याशी मुकेश रामटेके और कांग्रेस से 07 महीना पहले इस्तीफा लिए निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भारत भूषण मेश्राम चुनावी दंगल में उतरने के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है. वहीं 02 अन्य निर्दलीय प्रत्याशी अम्बरीश टांडिया व दीपक उईके के द्वारा भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र जमा किया गया है. पार्षद पद के कुल 24 वार्डो के लगभग 125 प्रत्याशीयों के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है जिसका स्कुटनी फार्म की जांच 29 जनवरी को किया जायेगा. भाजपा के नामांकन जुलूस में प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, अमित जैन, सत्यपाल मिश्रा, संतोष राव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे तो वहीं कांग्रेस के दिग्गज नेता नवाज खान व विधायक हर्षिता बघेल के नेतृत्व में 24 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों सहित समर्थको के द्वारा कांग्रेस की रैली निकाली गई जिसमें प्रमुख रूप से सुदेश मेश्राम, प्रदीप शर्मा, इंदरपाल राजा, पारस चौरडिया, बशीर खान, पप्पु भाई सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### 24 वार्डो के लिए लगभग 125 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**निर्दलीय बिगाड़ेंगे खेल.**- दोनों प्रमुख पार्टीयों से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अध्यक्ष पद व कई वार्डो में भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में उतर गए है जिससे भाजपा और कांग्रेस का खेल बिगड़ना तय माना जा रहा है. देखना यह होगा कि यह निर्दलीय प्रत्याशी पार्टी के दबाव में अपना नामांकन वापस लेते है कि नहीं. नामांकन वापसी की तिथि के बाद ही साफहो पायेगा. नामांकन के आखिरी दिन विशेषकर वार्ड नं. 01, 03, 05, 08, 13, 15, 16, 17, 03, 20 सहित कई वार्डो में निर्दलीय प्रत्याशी खेल बिगाड़ सकते है जिससे दोनों प्रमुख पार्टी के माथे पर चिंता की लकीर साफदिखाई देने लगी है.

# वरिष्ठ कांग्रेस नेताओ की उपस्थिति में आज महापौर पद के लिये कांग्रेस प्रत्याशी

## निखिल द्विवेदी ने जमा किया अपना नामांकन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निखिल द्विवेदी ने अपना नामांकन जमा कर कहा कि मेरे लिये फक्र की बात है कि जहां मै जन्म लिया वहां कांग्रेस पार्टी ने मुझे शहर के सबसे बड़े पद के लिए दावेदार बनाया है अपना प्रत्याशी बनाया है राजनांदगांव मेरे कर्म और धर्म की भूमि है इस जगह पर जन्म लिया शिक्षा सेवा और संस्कार यही के बड़े बुजुर्गों से शिखा है मैंने हर एक नागरिक की हक़ की लड़ाई लड़ी है हर वक्त आप सबके लिए हर जरुरत में खड़ा रहा हु मैंने क्षेत्र के हित के लिए लगातार संघर्ष किया तथा युवा शक्ति को एक साथ जोड़े रखने के लिए निरंतर प्रयास करता रहा हु मैंने जो भी किया वो मेरा फ़र्ज़ था आपने मुझे उससे कहीं ज़्यादा प्यार दिया हमेशा मेरे साथ आप सब कंधे से कंधा मिला कर चले उसके लिए मै सदैव आप सब का आभारी रहूँगा शहर के हर एक व्यक्ति को मै प्रणाम करता हूँ धन्यवाद देता हूँ की आप सब ने मुझे इतना प्यार दिया और अगर मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाया है तो आपसे पुनः प्यार और आशीर्वाद चाहता हूँ आज मुख रूप से गिरीश देवांगन जी , हेमा देशमुख जी , जितेंद्र मुदलियार जी , बृजेश शर्मा जी की दिनेश शर्मा जी हाफिज ख़ान जी रुपेश दुबे जी , हाफिज ख़ान जी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

nandgaon times jan-29-03.qxd 1/28/2025 11:58 PM Page 2



# छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के नेतृत्व में खेल मंत्री से मिले पटरी पार क्षेत्र के हॉकी खिलाड़ी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के पटरी पार क्षेत्र के हॉकी खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के नेतृत्व में रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे के साथ छत्तीसगढ़ के खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंक राम वर्मा से मुलाकात की।



**महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता पर हुई चर्चा**

छत्तीसगढ़ हॉकी और जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने खेल मंत्री को बालोद में आयोजित राज्य महिला हॉकी प्रतियोगिता के दौरान पटरी पार क्षेत्र की तीन खिलाड़ियों द्वारा अपने पहले ही टूर्नामेंट में विजेता बनने की उपलब्धि के बारे में बताया। साथ ही, उन्होंने देश की प्रतिष्ठित महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हॉकी इंडिया ने इस वर्ष प्रतियोगिता के लिए 20 से 28 फरवरी 2025 की तिथि निर्धारित की है।

**खेल मंत्री को दी जागरूकता अभियान की जानकारी - खेल, शिक्षा और अनुशासन से बच्चों का सर्वांगीण विकास**

इस दौरान मृणाल चौबे ने खेल मंत्री को रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चीखली स्कूल के मैदान में चलाए जा रहे वृहद जागरूकता अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को खेल, शिक्षा और अनुशासन से जोड़ना है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो और वे नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहें। यह अभियान क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों की प्रेरणा से शुरू किया गया है

चर्चा के दौरान मृणाल चौबे ने बताया कि पिछले छह वर्षों में रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी ने क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया है। हाल ही में, पटरी पार क्षेत्र के बच्चों को चार माह के प्रशिक्षण के बाद 14 खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया सेंटर में हुआ, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने क्षेत्र में खेल के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और ऐसे प्रयासों को अन्य क्षेत्रों में भी लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह मुलाकात क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए एक नई प्रेरणा बनकर उभरी है, जो खेल के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों को और मजबूती प्रदान करेगी। इस अवसर पर जिलाधीश संजय अग्रवाल ने हॉकी को राजनांदगांव की पहचान बताते हुए कहा कि यहां के वर्तमान और वरिष्ठ खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन से इस खेल को आगे बढ़ा रहे हैं। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह एस डी एम खेमलाल वर्मा और संयुक्त कलेक्टर सीता बंसल ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हरडुवा मे 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम हरडुवा में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षाल्लास के साथ मनाया गया। शाला प्रमुख अध्यक्ष श्री अश्विनी जंघेलके के द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस गरिमामय अवसर पर भाजपा के युवा नेता तोषण सिन्हा एवं ग्राम प्रमुख पटेल, सरपंच एवं गुरुजनों की उपस्थिती मे ध्वज को सलामी देकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाकर बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम में अपना विशेष योगदान प्रस्तुत किया गया। रोहित वर्मा ने बताया कि स्कूलों मे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। हमारी राष्ट्रीय पर्व हमारे संविधान निर्माता द्वारा बनाया गया। उसी को हम सभी पालन कर रहे हैं।



## प्रबंध संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आईएएस श्रीमती जयश्री जैन प्रेक्षक नियुक्त

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु राजनांदगांव जिले के लिए प्रबंध संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, 2016 बैच की अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी (आईएएस) श्रीमती जयश्री जैन को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन से नागरिक दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक सर्किट हाऊस मीटिंग हॉल राजनांदगांव में मिल सकते हैं। प्रेक्षक के समन्वय हेतु सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती भगवती साहू को लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। लाईजनिंग ऑफिसर श्रीमती भगवती साहू का मोबाईल नंबर 9406309300 है।

## आज कुल 9 व्यक्तियों ने जिला पंचायत सदस्य हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु आज कुल 9 व्यक्तियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इसके अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3-टेड़ेसरा के लिए धनेन्द्र कुमार साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4-सिंघोला के लिए मधुबाला देशमुख, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4-सिंघोला के लिए शालिनी संध्या टोप्पो, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए गिरधर वर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7-तुमड़ीबोड़ के लिए महेन्द्र वैष्णव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8-बेलगांव के लिए कविता अग्रवाल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10-बोरतालाब के लिए रामछतरी बाई चन्द्रवंशी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11-बम्हनीचारभाठा के लिए बीरमबाई मण्डावी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-गैंदाटोला के लिए चुम्मनलाल साहू ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

## महापौर पद हेतु 13 एवं पार्षद पद हेतु 235 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु कुल 13 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु 235 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से अजीत जैन, आम आदमी पार्टी से कमलेश स्वर्णकार, भारतीय जनता पार्टी से मधुसूदन यादव, इंडियन नेशनल कांग्रेस से निखिल द्विवेदी, बहुजन समाज पार्टी से शमसुल आलम, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से महेन्द्र लाल जंघेल, शिवसेना से माखन यादव, निर्दलीय से दीपा रामटेके, निर्दलीय से केवल रजक, निर्दलीय से राजेश गुप्ता, निर्दलीय से राकेश कुमार ठाकुर, निर्दलीय से संदीप शुक्ले, निर्दलीय से डॉ. केएल टांडेकर ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

## प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन ने रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन ने आज नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए महापौर पद हेतु रिटर्निंग ऑफिसर तथा पार्षद पद हेतु सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने उन्हें नगरीय निर्वाचन कार्य एवं नाम निर्देशन पत्रों के संबंध में जानकारी दी। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन ने निर्वाचक नामावली 2025 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 में मतदान केन्द्र 61, 62 एवं 63 तथा वार्ड क्रमांक 22 के मतदान केन्द्र क्रमांक 64, 65 का अवलोकन किया। उन्होंने निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन ने अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**शुभांक**

6-7-8

589-2 267-5

**भाग्यांक**

128-1 160-7

# शिक्षा और जागरूकता ही जेंडर संवेदनशीलता का पर्याय है

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव में जेंडर संवेदनशीलता कार्यशाला के अंतर्गत आयोजित व्याख्यानमाला से 100 से अधिक छात्राओं में रुढ़िवादी लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूकता और आ रही है और जीवन के सभी क्षेत्रों में छात्राओं की न केवल मानसिकता बल्कि व्यव्हार पैटर्न में भी बदलाव आयेगा7 इसी उद्देश्य को सार्थक करने कार्यशाला के चतुर्थ दिवस मुख्य वक्ता डॉ. जयेन्द्र पटेल सहायक प्राध्यापक विधि शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त पीजी कॉलेज बालोद से उपस्थित रहे7 उन्होंने विषय च्समाज में सामान्य लैंगिक मुद्दे और विधिक संरक्षणज्ज् पर व्याख्यान में बताया की वैदिककाल में महिलाओं की स्तिथि समाज में काफी ऊँची थी और अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता थी7 परन्तु ब्रिटिशकाल में महिलाओं की स्तिथि निचले स्तर पर चली गयी और उनके सामाजिक कुरीतियाँ प्रथाएं बढ़ने लगी7 वर्तमान में इसका परिणाम एक महत्वपूर्ण सामाजिक संकेतक ङ्क लिंगानुपात के रूप में प्रतिलिक्षित होता है7 उन्होंने भारत, छत्तीसगढ़ के सभी राज्यों और राजनंदगांव का लिंगानुपात और शिक्षा का प्रतिशत पर चर्चा करते बताया कि भारत एक भारत एक पित्रसत्तात्मक समाज है इसलिए देश में लिंगानुपात हमेशा महिलाओं के लिए प्रतिकूल रहता है7 डोंगरगांव में साक्षरता प्रतिशत 68.7 प्रतिशत और लिंगानुपात 1008 है7 डॉ. पटेल ने समाज में व्याप्त लैंगिक समस्याओं के लिए विभिन्न विधिक प्रयासों पर विस्तार सेचर्चा किया। व्याख्यानमाला के दुसरी कड़ी में वक्ता सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव रश्मि ठाकुर ने जेन्डर शिक्षा और कौशल विषय पर कहा की आज स्कूल और कॉलेज में ऐसी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है जो लैंगिक मानदंडों से मुक्त है।




वर्तमान शिक्षा पद्धति में कौशल शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है सभी छात्राओं को व्यक्तिगत योग्यताओं को बढ़ाने कौशल के विभिन्न क्षेत्र जैसे संचार, डिजिटल साक्षरता, तकनीकी, प्रबंधन, रचनात्मक कार्यों में भागीदारी बढ़ानी चाहिए7 कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. बी.एन. मेश्राम जी ने कहा शिक्षा और जागरूकता ही जेंडर संवेदनशीलता का पर्याय है और अतिथि वक्ताओं को सर्टिफिक्रेट मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया 7 साथ ही पीएम उषा प्रभारी डॉ. धमगाये और आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. साहू की भी गरिमामयी उपस्तिथि रही7 रेणुका ठाकुर ने आभार व्यक्त और आयोजन सचिव इशु कुमार ने मंच संचालन किया आशा वर्मा, चिम्मन वर्मा, जॉनसन प्रसाद चौधरी, ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## सरपंच रहे गणेश धुर्वे को जनता ने भारी समर्थन से निर्विरोध सरपंच चुन लिया





**खैरागढ़ ((नांदगांव टाइम्स))।** वनांचल साल्हेवारा के ग्राम पंचायत चोभर से पिछले कार्यकाल में भी सरपंच रहे गणेश धुर्वे को उनके बेहतरीन कार्यकुशलता पूर्वक व बेहतरीन मुखिया की भूमिका के निभाने के चलते ग्राम पंचायत चोभर की जनता ने भारी समर्थन से एक राय होकर निर्विरोध रूप से सरपंच चुन लिया।।बहुत बहुत

## राजस्व विभाग की नाक के नीचे अवैध रूप से चल रहा है लाल ईटा बनाने का खेल



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत गांव गांव में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर अवैध रूप से लाल ईट निर्माण किया जा रहा है जो एक गंभीर मुद्दा है, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का खुलेआम उल्लंघन कर लाल ईटों का संचालन किया जा रहा है जो की सरकार की नीतियों और नियमों का खुलेआम उल्लंघन है। लाल इटो के अवैध संचालन में हरे भरे वृक्षों का उपयोग ईट पकाने में किया जा रहा है वही बिना रायल्टी पर्ची के कोयलों का उपयोग भरपूर मात्रा में किया जा रहा है जो कि गैरकानूनी है यह अवैध संचालन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी खतरनाक साबित हो रहा है। बाहर से आने वाले बाहरी लोगों के द्वारा अवैध रूप से लाल ईट बनाने का काम जोरों पर चल रहा है जिसमें ग्राम ढारा,गाजमर्रा, भोथली, कुरूभांठ,चौथना,पिनकापार, मेढ़ा, शिवपुरी, देवकट्टा, कलकसा, कन्हारगाव,चिददों,लेडीजोब, बछेराभांठा, पीपरखार, करवारी,बोरतालाव,मडियान, पनियाजोब सहित अन्य वनांचल क्षेत्रों में भारी मात्रा में अवैध रूप से लाल ईटों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें सबसे ज्यादा लाल ईटो का निर्माण ग्राम मेढ़ा में हो रहा है जिसे देखने वाला राजस्व अमला चुनावी दंगल में व्यस्त है

## भवानी नगर में कल से श्रीमद देवी भागवत पुराण की बहेगी ज्ञान धारा

### जूनी हटरी पांडे भवन से कल धूमधाम से निकलेगी भव्य मंगल कलश शोभा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** इन दिनों प्रयागराज में महाकुंभ आयोजित होने के कारण देश में धर्म पूरित माहौल बना हुआ है इस पूनित- प्रसंग पर संस्कारधानी के भवानी नगर? में समाज सेवी श्रीमती शारदा तिवारी के यहां 30 जनवरी से श्रीमद देवी भागवत महापुराण का भव्य आयोजन किया गया है। भवानी नगर? में 30 जनवरी से 6 फरवरी तक चलने वाले इस सप्त दिवसीय भागवत महापुराण आयोजन? के कथावाचक पं0 श्री विनोद बिहारी गोस्वामी जी महाराज ( डोंगरगांव ) होंगे।



**निकलेगी भव्य मंगल कलश शोभा यात्रा-** भवानी नगर? में सप्ताह भर तक चलने वाले इस भव्य श्रीमद देवी भागवत कथा महापुराण आयोजन की मंगल कलश शोभायात्रा 30 जनवरी गुरुवार दोपहर शहर के जूनी हटरी पांडे जी निवास से निकलेगी। कथावाचक महाराज जी की आकर्षक रथ में सवार झांकी के साथ बाजे-गाजों के बीच निकाली जा रही शोभायात्रा में सुप्रीम भजन गायक चंद्रेश जैन का भजन आकर्षक का केंद्र रहेगा। शहर में मंगल कलश शोभायात्रा का धूमधाम के साथ नगर भ्रमण होने के पश्चात शीतला मंदिर माता देवाला पहुंचेगी वहां पूजा अर्चना उपरांत सबरस होटल? समीप स्थित भवानी नगर? के शारदा धाम निवास स्थान पहुंच कर श्रीभद देवी भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्रीमती साधना तिवारी ने बताया कि श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा के आयोजक समाज सेवी श्रीमती शारदा तिवारी (अधिवक्ता) श्रीमती रचना - अरविंद मिश्रा, सुश्री रचना मिश्रा व समस्त पांडे परिवार ने 30 को आयोजित मंगल कलश शोभायात्रा सहित रोजाना दोपहर? 2 बजे से 5? बजे तक चलने वाले श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा श्रवण के लिए समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालु जनों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

## कबड्डी प्रतियोगिता बैगाटोला मे 30 जनवरी को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम बैगाटोला (सोमनी) संगम क्रीड़ा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 30 जनवरी दिन गुरुवार को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सरपंच योगेश्वर निर्मलकर ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 250 रुपया रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए नगद एवं स्मृति चिन्ह,द्वितीय 4001 नगद एवं स्मृति चिन्ह,तृतीय पुरस्कार 3001 नगद एवं प्रतीक चिन्ह, चतुर्थ 2001 एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा विशेष पुरस्कार बेस्ट रेडर,बेस्ट कैचर,बेस्ट आलराउंडर,बेस्ट बलाकर, बेस्ट अनुशासन पर भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। आयोजक समिति के कप्तान खुमान पटेल, अध्यक्ष गुलशन विश्वकर्मा,उपाध्यक्ष कुलदीप साहू, सचिव टीकम सिंह, सह सचिव दीपक यादव सहित सदस्यगणो ने प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियां कर रखी है।यह जानकारी सरपंच योगेश्वर निर्मलकर ने दी।



## छत्तीसगढ़ की जनता को सम्पत्ति कर में 50 प्रतिशत छूट की घोषणा की माँग सी.एम. से की- ओस्तवाल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा क्षेत्र की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल एक पत्र के माध्यम् से छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से यह माँग की है कि, छत्तीसगढ़ की आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकाय के जो चुनाव छत्तीसगढ़ में होने जा रहे है। उसमें छत्तीसगढ़ की आम जनता को इस महगांई के दौर को ध्यान में रखते हुए जहाँ अनेक घोषणाएँ लोकसभा और विधानसभा चुनाव में की गई उसी तारतम्य में नगरीय निकाय के चुनाव में प्रदेश की जनता के हितैषी है तो ? तत्काल छत्तीसगढ़ की जनता को पूरे प्रदेश में सम्पत्ति कर जो शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जो वर्तमान में निर्धारित राशि है उसमें एक अप्रैल 2025 से 50 प्रतिशत राशि की घरेलू एवं गैर-घरेलू सम्पत्ति कर में तत्काल छूट की घोषणा करते हुए अपनी पार्टी के घोषण पत्र में इसे शामिल करें। और यदि आपके द्वारा डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद यदि घोषणा नहीं की जाती तो प्रदेश की जनता को यह समझ में आ जायेगा की भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में जब सरकार बनानी थी तो बड़ी- बड़ी घोषणा की थी श्री ओस्तवाल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की आम जनता से यह माँग की है कि ,नगरीय निकाय के चुनाव को देखते हुए आम जनता व्हॉटशॉप के मैसेंज और पत्राचार आदि के माध्यम् से छत्तीसगढ़ सरकार से घरेलू गैर घरेलू सम्पत्ति कर में 50 प्रतिशत की छूट की माँग करें। जिससे की महगाई के इस दौर में आम जनता को कुछ राहत मिल सके।



## ज्ञान मंथन

*1) शिक्षक कक्षा में जिस प्रकार का संचार करता है, उसे कौन सा संचार कहा जाता है?*

*2) वायरलेस फ़िडेलिटी किसका पूर्ण रूप है?*

*3) भारत का प्रथम नेशनल सेंटर फॉर मेरीन बायोडाइवर्सिटी किस शहर में स्थित है?*

*4) भारत की संचित निधि से निधि निकालने के लिए किसका अनुमोदन अनिवार्य है?*

*5) किस फुटबॉल खिलाड़ी ने लगातार 4 वर्षों तक फीफा वर्ल्ड प्लेयर अवार्ड जीता है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) समूह संचार (2) वाई फाई (3) जामनागर (4) भारत की ससंद की (5) लियोनेल मेसी01

# सब्जी की आड़ में अवैध शराब की तस्करी करने वाले पकड़े गए

## चौकी चिचोला व डोंगरगढ़ पुलिस के प्रयास से 05 अर्न्तराज्यीय शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**मध्यप्रदेश राज्य निर्मित कुल 45 पेटी देशी/अंग्रेजी शराब एवं 02 चारपहिया वाहन व मोबाईल सहित कुल किमती- 1462250/- रू0 को की गई जप्ती**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के सामने आते ही शराब तस्कर सक्रिय हो चुके है और अंतर्राज्यीय नान पेड शराब की तस्करी के लिए नए नए हथकंडे आजमा पैसों के लालच में तस्करी कर रहे है जिसका उदाहरण देखने को मिला है. पुलिस से मिले प्राप्त समाचार में बताया गया कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने व क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों में निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है. इसी कड़ी में 28 जनवरी 2025 को डोंगरगढ़ पुलिस को ग्राम कुम्हड़ाटोला जाने वाले मार्ग से भारी मात्रा में मध्यप्रदेश राज्य निर्मित शराब डीआई एवं एक कार से शराब तस्करी होने की सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कुम्हड़ाटोला



मार्ग के पास में पंहुँचकर नाकाबंदी एवं घेराबंदी कर दो वाहन जिसमें वाहन क्रमांक- सीजी 08 एबी 4380 यौध्दा डीआई एवं विसटा कार क्र0- सीजी 07 एम0बी0 2256 को पकड़े। डीआई वाहन में 03 व्यक्ति एवं विसटा कार में 02 व्यक्ति बैठे मिले जिसे नाम पता पुछने पर अपना-अपना नाम 01. राजेश चिंतामन तागड़े पिता सितामन तागड़े उम्र- 25 साल साकिन शारदा पारा तलाब पावर हाउस भिलाई जिला दुर्ग छ0ग0, 02. ईश्वर साहू पिता रगदास साहू उम्र- 30 साल साकिन ग्राम अछोली थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ0ग0, 03. रौवन चन्द्राकर पिता प्रमोद कुमार चन्द्राकर उम्र- 37 साल साकिन ग्राम शिवपारा वार्ड न0- 33 दुर्ग जिला दुर्ग छ0ग0, 04. सोहेल मिन्नी पिता जलाउद्दीन सिद्दकी उम्र- 23 साल साकिन ग्राम देलाबाड़ी वार्ड न0- 40 जिला दुर्ग छ0ग0, 05. ऋषिकेश पिता प्रकाश हटिले उम्र- 24 साल साकिन ग्राम उरला जिला दुर्ग छ0ग0 का रहने वाला बताये। वाहन को चेक करने पर डीआई वाहन में 35 पेटी गोवा अंग्रेजी व्हीस्की शराब एवं विसटा कार में 10 पेटी देशी मदिरा शराब मिला जो आरोपीगण द्वारा छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब का अवैध रूप से तस्करी करना पाये जाने से आरोपीगण से 35 पेटी गोवा अंग्रेजी व्हीस्की शराब म0प्र0 राज्य निर्मित एवं 10 पेटी देशी प्लेन मदिरा शराब म0प्र0 राज्य निर्मित कुल 45 पेटी कुल मात्रा- 405.00 बल्क लीटर किमती- 236250/-रू0 एवं वाहन क0- सीजी 08 एबी 4380 यौधा डीआई एवं विसटा कार क्र0- सीजी 07 एम0बी0 2256 व 05 नग मोबाईल सहित कुल किमती- 1462250/-रू0 को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 34(2), 36 आबकारी एक्ट तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, सउनि तुलाराम बांक, आरक्षक प्रयंश सिंह, राजेन्द्र साहू, योगेन्द्र देशमुख, योगेश साहू सहित चौकी चिचोला पुलिस का योगदान रहा।

## कमला कालेज में मतदाता दिवस मनाया गया



**राजनांदगांव।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी अमरनाथ निषाद के संयोजन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. ओमकारलाल श्रीवास्तव, डॉ. जयसिंह साहू, डॉ. रामकुमारी धुर्वा, डॉ. बसंत सोनबेर, संजय मिश्रा, श्रीमती तारा ठाकुर, समस्त अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्याख्याता डॉ. मोन्सी वर्गीस सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से 10वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को 2025 के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा च य नि त व्याख्याताओं में श्रीमती डॉ. मोन्सी वर्गीस महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय राजनांदगांव द्वारा अंग्रेजी विषय में उक्त बच्चों को विशेष नि:शुल्क कोचिंग च्एजुकेशन हबज् में दिये जाने पर मुख्य अतिथि जिलाधीश महोदय श्री संजय अग्रवाल जी एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास बघेल के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



बच्चों को 15 दिवसीय आवासीय नि:शुल्क कोचिंग जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग राजनांदगांव द्वारा च्एजुकेशन हबज् में विभिन्न विषयों को व्याख्याताओं के टीम से सम्पन्न कराया गया। विदित हो कि डॉ. मोन्सी वर्गीस पूर्व में भी छ.ग. शासन द्वारा शिक्षा श्री की उपाधि से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंग्रेजी विषय की सदस्य भी है और ओपन स्कूल छ.ग. की अंग्रेजी विषय की पुस्तक के च्राइटर्स स्ट्रीमज्ज् में रह चुकी है। वर्ष 2025 के वार्षिक बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त विद्यार्थियों को अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर सतीश ब्योहारे सर, आदित्य खरे सर, मनोज चौहान सर विभिन्न विषय के विशेषज्ञ एवं इस नि:शुल्क कोचिंग के लिए चयनित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ढोडिया में गुहा जंयती मनाया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम ढोडिया में केंवट निषाद समाज द्वारा आयोजित भक्त गुहा निषाद जंयती हर्षोल्लास के साथ



मनाया गया गांव में राम भक्त गुहा निषाद जंयती अवसर पर गली भ्रमण कर कलस यात्रा निकालकर कर निषाद समाज भवन के पास सत्य नारायण कथा आयोजन किया गया कार्यक्रम मुख्य अतिथि मघुबाला अंगेशवर देशमुख जिला पंचायत प्रत्याशी अध्यक्षता रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य विशेष अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य दिललु साहु सरपंच अतिथि में आयोजित किया गया अतिथियों ने रामभक्त गुहा निषाद जंयती अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी श्रृगेशसरपुर राजा गुहा निषाद जी राम जी को चौदह वर्ष वर्ष वनवास अवसर पर राजा गुहा निषाद राज नकटा केंवट ने चरण प्रकार कर डोगा में गंगा पार कराया समाज के पदाधिकारियों ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

## दिग्विजय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय पर्यटन दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 25 जनवरी



2025 को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. ऊके के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया7 वाणिज्य विभाग की प्रोफेसर रागिनी पराते के द्वारा संचालन करते हुए सर्वप्रथम विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा डॉ एस. के. ऊके को आमंत्रित किया गया, डॉ. एस. के. ऊके के द्वारा विद्यार्थियों को पर्यटन संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई7 तत्पश्चात् वाणिज्य विभाग के प्रो. एच. सी.जैन द्वारा विस्तार में पर्यटन से व्यापार संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई7 उपरोक्त राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर एम.कॉम के विद्यार्थियों हेतु प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया गया 7 जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए, जिसमें रू.ष्ट्शद्व अंतिम के विद्यार्थी लोकेश्वर ने प्रथम, कुमारी मनीषा ने द्वितीय एवं भूमिका (रू.ष्ट्शद्व अंतिम) एवं साधना (रू.ष्ट्शद्व पूर्व )ने तृतीय स्थान प्राप्त प्राप्त किया7 पर्यटन दिवस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के डॉ. प्रज्ञा मिश्रा श्रीमती स्वयं सिद्धा झा, डॉ. सूरज पटेल एवं डॉ.देवहूति बंछोर उपस्थित थे।

## हिंदी विश्व मंच की भाषा- डॉ. कल्पना मिश्रा

### दिग्विजय महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिग्विजय महाविद्यालय साहित्यकारों की भूमि है । आज हिंदी में जितनी संभावनाएँ है, उतनी पहले कभी नहीं रही। हिंदी आज विश्व मंच की भाषा बन चुकी है। यह वक्तव्य डी.बी. गर्ल्स कॉलेज रायपुर की सहायक प्राध्यापक डॉ. कल्पना मिश्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में 21 जनवरी को दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव में विश्व हिंदी दिवस के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में दिए। उन्होंने सभागार में उपस्थित एम.ए. हिंदी के विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व को बताते हुए कहा कि हिंदी साहित्य एक समुद्र है, यह पाठ्यक्रम में बाँधने लायक नहीं। भारत एक पर्यटन का बाजार है जिसमें हिंदी की बड़ी भूमिका है। केवल अमेरिका में ही 65 लाख लोग हिंदी का प्रयोग कर रहें हैं। हिंदी तकनीकी रूप से श्रेष्ठ है। राजनांदगाँव के साहित्यकार एवं सहप्रमुख वक्ता, समाज सेवी संजीव सिंघल ने अपने वक्तव्य में कहा कि भाषा बहता नीर है। हिंदी समूचे विश्व में आकर्षण का केन्द्र है, सभी विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी की कक्षाएँ संचालित हो रहीं है। अपने उदारीकरण एवं लचीलेपन के कारण हिंदी आज विश्व पटल पर है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता बख्शी ने अपने उद्बोधन में कहा



कि हिंदी आज प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, चिकित्सा की पढ़ाई भी अब हिंदी में हो रही है। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। स्वागत की कड़ी में जहाँ हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकरमुनि राय ने मुख्य वक्ता डॉ. कल्पना मिश्रा को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया, वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. बी. एन. जागृत ने प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता बख्शी को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. वीरेन्द्र कुमार साहू ने वक्ता संजीव सिंघल को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। अतिथियों के स्वागत पश्चात हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने समारोह की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि 10 जनवरी को पूरे विश्व में विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है, किन्हीं कारणों से आयोजन न होने के कारण यह विश्व हिंदी दिवस हम आज आयोजित कर रहें हैं, आप सभी का हार्दिक स्वागत है। इस समारोह में अतिथि व्याख्याता डॉ. गायत्री साहू, हिंदी साहित्य परिषद् के उपाध्यक्ष मनीष टांडेकर सहित एम.ए. पूर्व एवं अंतिम के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रवीण साहू ने किया । आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक बी.एन. जागृत ने किया।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025:

## नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन तीन चरणों में संपन्न होगा। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन अंतर्गत प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव, द्वितीय चरण में जनपद पंचायत छुरिया एवं तृतीय चरण में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व डोंगरगांव में निर्वाचन कार्य संपन्न कराए जायेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। साथ ही रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 4 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 6 फरवरी 2025 अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 6 फरवरी 2025 अभ्यर्थिता नाम वापसी के बाद निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर सूची प्रकाशन और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) प्रथम चरण 17 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 20 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 23 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। इसके पश्चात मतदान केन्द्रों में मतगणना की जाएगी। खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना (यदि आवश्यकता हो) प्रथम चरण 18 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 21 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 24 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से कराई जाएगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण 19 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 22 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 25 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से तथा जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण 20 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 23 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 25 फरवरी 2025 को सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी।

## धर्म समाचार....

## श्रवण नक्षत्र समेत इन दुर्लभ संयोग में मनाई जाएगी मौनी अमावस्या



सनातन धर्म में माघ महीने का विशेष महत्व है। यह महीना मां गंगा को समर्पित होता है। इस महीने में मां गंगा की रोजाना पूजा की जाती है। साथ ही अमावस्या और पूर्णिमा तिथि पर गंगा स्नान किया जाता है। मौनी अमावस्या पर पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करने से पितृ दोष से छुटकारा मिलता है। साथ ही पितरों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। सनातन धर्म में मौनी अमावस्या का विशेष महत्व है। इस शुभ अवसर पर गंगा समेत पवित्र नदियों में लोग आस्था की डुबकी लगाकर देवों के देव महादेव की पूजा करते हैं। साथ ही पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करते हैं। मौनी अमावस्या पर पितरों का तर्पण करने से व्यक्ति को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो मौनी अमावस्या पर कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में देवों के देव महादेव की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलेगी। आइए, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं-

**शुभ मुहूर्त**- वैदिक पंचांग के अनुसार, मौनी अमावस्या की शुरुआत 28 को जनवरी को होगी। वहीं, समापन 29 जनवरी को होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना की जाती है। अत: 29 जनवरी को मौनी अमावस्या मनाई जाएगी। मौनी अमावस्या का प्रारंभ 28 को जनवरी को संध्याकाल 07 बजकर 35 मिनट पर होगा और समापन 29 जनवरी को शाम 06 बजकर 05 मिनट पर होगा। साधक 29 जनवरी के दिन सुविधा अनुसार समय पर स्नान-ध्यान कर भगवान शिव की पूजा कर सकते हैं।

**श्रवण नक्षत्र**- ज्योतिषियों की मानें तो वर्षों बाद मौनी अमावस्या पर श्रवण नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इस योग में गंगा स्नान करने से महापुण्य फल मिलता है। इस योग का निर्माण सुबह 08 बजकर 20 मिनट से हो रहा है। इससे पहले उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का संयोग है। ज्योतिष श्रवण नक्षत्र को स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप एवं दान-पुण्य के लिए बेहद शुभ मानते हैं। इस योग में भगवान शिव की पूजा




करने से साधक को दोगुना फल मिलता है।

**शिववास योग**- ौनी अमावस्या पर शिववास योग का भी संयोग है। मौनी अमावस्या के दिन देवों के देव महादेव कैलाश पर जगत की देवी मां पार्वती के साथ शाम 06 बजकर 05 मिनट तक रहेंगे। इस समय में शिव-शक्ति जी की पूजा करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। साथ ही सभी बिगड़े काम बन जाएंगे।

**सिद्धि योग**- मौनी अमावस्या पर सिद्धि योग का भी संयोग बन रहा है। मौनी अमावस्या पर सिद्धि योग रात 09 बजकर 22 मिनट तक है। साथ ही मौनी अमावस्या पर श्रवण एवं उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का संयोग है। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को स्वर्ग समान सुखों की प्राप्ति होगी। साथ ही सभी बिगड़े काम बन जाएंगे।

### मौनी अमावस्या पर इन चीजों से करें भगवान शिव का अभिषेक, खुल जाएगा किस्मत का पिटारा

धार्मिक मत है कि देवों के देव महादेव की पूजा और अभिषेक करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। ज्योतिष भी मनचाहा वरदान पाने के लिए भगवान शिव की पूजा करने की सलाह देते हैं। इस शुभ अवसर पर महादेव की विशेष पूजा की जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, बुधवार 29 जनवरी को मौनी अमावस्या है। यह दिन बेहद पावन माना जाता है। इस शुभ अवसर पर गंगा स्नान करने का विधान है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने से साधक के समस्त पाप धुल जाते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो मौनी अमावस्या पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को




अनंत पुण्यकारी फल प्राप्त होगा। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाएंगे। अगर आप भी अपने जीवन में व्याप्त संकटों से निजात पाना चाहते हैं, तो मौनी अमावस्या के दिन विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय इन चीजों से भगवान शिव का अभिषेक करें। **इन चीजों से करें अभिषेक**- अगर आप आर्थिक तंगी से निजात पाना चाहते हैं, तो मौनी अमावस्या के दिन स्नान-ध्यान के बाद गन्ने के रस में बेलपत्र डालकर भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा साधक पर बरसती है। भगवान शिव की कृपा से पैसों की तंगी दूर होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। अगर आप शनि की बाधा से निजात पाना चाहते हैं, तो मौनी अमावस्या के दिन भक्ति भाव से महादेव की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से शनि की बाधा दूर होती है। अगर आप राहु और केतु की बाधा से निजात पाना चाहते हैं, तो मौनी अमावस्या के दिन पूजा के समय नारियल जल (पानी) से देवों के देव महादेव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से मायावी ग्रह राहु एवं केतु का प्रभाव समाप्त हो जाता है। अगर आप मंगल दोष से निजात पाना चाहते हैं, तो मौनी अमावस्या के दिन शहद से भगवान शिव का अभिषेक करें। इसके बाद जल में सुगंध डालकर भगवान शिव का अभिषेक करें।

nandgaon times jan-29-03.qxd 1/28/2025 11:58 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# राजनांदगांव महापौर चुनाव: भाजपा से मधुसूदन यादव ने दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में भरा नामांकन



**राजनांदगांव।( नांदगांव टाइम्स )** नगर निगम महापौर चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से पूर्व सांसद, पूर्व महापौर और राजनांदगांव के लोकप्रिय नेता मधुसूदन यादव ने महापौर पद के लिए नामांकन फॉर्म दाखिल किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता खुबचंद पारख सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

**भव्य शो ऑफस्ट्रेंथ के साथ नामांकन दाखिल**

नामांकन दाखिल करने से पहले मधुसूदन यादव ने एक भव्य रैली निकाली, जिसमें सैकड़ों भाजपा समर्थक शामिल हुए। रैली का माहौल पूरी तरह से पार्टी के नारों और झंडों से गूंज रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मधुसूदन यादव के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए उन्हें विजयश्री का प्रतीक बताया।

**मधुसूदन यादव ने व्यक्त किया विजयी विश्वास**

नामांकन दाखिल करने के बाद मधुसूदन यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा, च्च्राजनांदगांव मेरी कर्मभूमि है, और मैं यहां के विकास और जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूं। मुझे विश्वास है कि भाजपा की नीतियों और संगठन के बल पर हम इस चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. रमन सिंह और अन्य वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन उनके लिए प्रेरणादायक है। च्च्हमारा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि राजनांदगांव को एक आदर्श नगर बनाना है,ज्ज् उन्होंने कहा।

**दिग्गज नेताओं की उपस्थिति ने बढ़ाया उत्साह**

डॉ. रमन सिंह ने इस मौके पर कहा, मधुसूदन यादव ने अपने पिछले कार्यकाल में जो काम किए हैं, वे सबके सामने हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और जनसेवा का अनुभव राजनांदगांव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता इस चुनाव में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं।



सांसद संतोष पांडे और खुबचंद पारख ने भी मधुसूदन यादव के प्रति समर्थन व्यक्त किया और जनता से अपील की कि वे भाजपा को वोट देकर विकास को प्राथमिकता दें।

**महापौर चुनाव में दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद**

भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने मजबूत उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर चुनाव को रोचक बना दिया है। अब देखना होगा कि जनता किसे अपना समर्थन देकर राजनांदगांव की बागडोर सौंपती है।

# महापौर चुनाव में निखिल द्विवेदी के पक्ष में बन रहा माहौल - नीरज कन्नौजे

## कहा - महाकाल और हनुमान भक्त के रूप में विशेष पहचान बना चुके हैं द्विवेदी

**राजनांदगांव।** शहर कांग्रेस दक्षिण मोर्चा के महामंत्री व कांग्रेस के युवा नेता नीरज कन्नौजे ने अपने एक जारी बयान में कहा कि छात्र राजनीति से सीधे कांग्रेस के राजनीति में आए निखिल द्विवेदी शहर वासियों के लिए महापौर पद के रूप में पहली पसंद हो गए हैं वह भले ही नगर निगम की राजनीति में नया चेहरा होंगे लेकिन सभी 51 वार्ड में उनकी बहुत चर्चा है युवा चेहरा श्री द्विवेदी शहर में हनुमान जयंती रैली और महाकाल शोभा यात्रा के आयोजन कराकर पहले ही विशिष्ट पहचान बन चुके हैं विभिन्न वर्षो के धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन में इस तरह के धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन में नागरिकों ने उन पर खूब स्नेहल लुटाया था अब नगर निगम की राजनीति में उन्हें प्रथम नागरिक के रूप में चुनने के लिए जनता तैयार खड़ी है।



श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि निखिल द्विवेदी के साथ जहां युवाओं की बड़ी फौज है वही महिलाओं और बुजुर्गों द्वारा उनके पक्ष में प्रचार प्रसार अभी से शुरू कर दिया गया है श्री द्विवेदी निगम की राजनीति के लिए नए हैं। महापौर चुनने के बाद श्री द्विवेदी स्वयं की इच्छा से कोई कार्य नहीं अपितु पार्षदों और नागरिकों के भावनाओं के अनुसार कार्य करना पसंद करेंगे। इसके लिए श्री द्विवेदी पार्टी संगठन से भी राय सुमरी करते रहेंगे। निखिल द्विवेदी को महापौर टिकट दी गई है। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य बड़े नेताओं के आभारी हैं। क्योंकि राजनंदगांव नगर निगम प्रदेश के पुराने नगर निगम में से एक है और यहां कांग्रेस के पिछले 5 साल के शासन काल में निगम और राज्य दोनों में बहुत कुछ विकास निर्माण कार्य हुए हैं। इसका भी लाभ पार्टी को मिलेगा महापौर और बड़ी संख्या में पार्षद चुनकर आएंगे इसमें उन्हें कोई संदेह नहीं है। विकास की गति को निरंतर आगे बढ़ाते रहने के लिए नागरिकों की भावनाओं का कद्र करना जरूरी है। इस संबंध में पार्टी के नीरज कन्नौज ने कहा कि निखिल द्विवेदी जैसे युवा चेहरे को जो धर्म और संस्कृति के प्रति भी समर्पित रहे हैं उन्हें टिकट मिलने से नागरिकों में भारी प्रसन्नता व्याप्त है। और उन्हें 11 फरवरी को महापौर चुनने के लिए बेताब है।

# ये है संस्कारधानी राजनांदगांव...



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। यूं ही नहीं कहलाता राजनांदगांव संस्कारधानी : आज महापौर के भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव एवं कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी दोनों की मुलाकात गांधी चौक के पास अचानक हुई। उन दोनों ने एक दूसरे को बधाई दी। यह मुलाकात यहां पर इसलिए हुई कि एक प्रत्याशी शीतला मंदिर से आ रहा था और दूसरा प्रत्याशी शीतला मंदिर जा रहा था। लोगों ने कहा इन दोनों पर मां शीतला का आशीर्वाद बना रहे।

# शिविर युवा मंच एवं एसबीआई फाउंडेशन सम्मानित

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वयंसेवी संस्था शिखर युवा मंच समाज सेवा के क्षेत्र में विगत 27 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रो में,



शिक्षा,अजीविका बालअधिकार एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन जैसे मुद्दों पर कार्य कर रही है।इसी तारतम्य में एसबीआई फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से शिखर युवा मंच के द्वारा स्वास्थ्य विभाग राजनांदगाँव के सहमती पर डोंगरगढ़ विकासखंड के 20 ग्रामों में मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। यूनिट के द्वारा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से गाँव में वंचित समुदायों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नि:शुल्क जनरल स्वास्थ सेवा प्रदान की जा रही है। जिससे आयुष्मान भारत के लक्ष्य को पूरा करके तथा गांवों में बीमारियों के उपचार एवं रोकथाम हेतु एवं गाँव में स्वास्थ के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम का भी संचालन किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के 20 गांवों में प्राथमिक उपचार जन जागरूकता शिविर एवं नि: शुल्क दवाई वितरण कर स्वास्थ सेवा का कार्य कर रही है। इसी कड़ी में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगाँव द्वारा शिखर युवा मंच एवं एसबीआई फाउंडेशन को स्वाश्थ्य सेवाओ में उत्कृष्ट कार्य हेतु एवं सराहनीय योगदान के लिए गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# अंतरराज्यीय शराब तस्करी का भंडाफोड़, 45 पेटी अवैध शराब और दो वाहन जब्त

## डोंगरगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी नगर निकाय और पंचायत चुनावों के मद्देनजर पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के प्रयासों में आज बड़ी सफलता हाथ लगी। डोंगरगढ़ पुलिस ने ग्राम कुम्हड़ाटोला मार्ग पर नाकाबंदी और घेराबंदी के दौरान अंतरराज्यीय शराब तस्करी करने वाले पांच तस्करों को गिरफ्तार किया।

तस्करों द्वारा सब्जी ले जाने की आड़ में मध्यप्रदेश निर्मित कुल 45 पेटी अंग्रेजी और देशी शराब छत्तीसगढ़ में लाने की कोशिश की जा रही थी। पुलिस ने मौके से 35 पेटी गोवा अंग्रेजी व्हिस्की और 10 पेटी देशी शराब के साथ दो चारपहिया वाहन और पांच मोबाइल जब्त किए। जब्त सामान और वाहनों की कुल कीमत 14,62,250 रुपये आंकी गई है।

**कार्यवाही का विवरण**

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। टीम ने ग्राम कुम्हड़ाटोला मार्ग पर सूचना के आधार पर वाहनों को रोका। जांच के दौरान डीआई वाहन (सीजी 08 एबी 4380) और विस्टा कार (सीजी 07 एमबी 2256) से शराब की पेटियां बरामद की गईं।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार की गई:

1. राजेश चिंतामन तागड़े (25 वर्ष), निवासी भिलाई, दुर्ग।
2. ईश्वर साहू (30 वर्ष), निवासी ग्राम अछोली, डोंगरगढ़।
3. रौवन चंद्राकर (37 वर्ष), निवासी शिवपारा, दुर्ग।
4. सोहेल मिन्नी (23 वर्ष), निवासी देलाबाड़ी, दुर्ग।
5. ऋषिकेश हटिले (24 वर्ष), निवासी उरला, दुर्ग।

**जब्त सामग्री**

35 पेटी गोवा अंग्रेजी व्हिस्की शराब (मध्यप्रदेश निर्मित)।

10 पेटी देशी प्लेन शराब (मध्यप्रदेश निर्मित)।

दो चारपहिया वाहन (योधा डीआई और विस्टा कार)।

पांच मोबाइल फोन।

**पुलिस की सख्ती से संदेश**

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि आगामी चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, सउनि तुलाराम बांक और अन्य पुलिसकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा। डोंगरगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल अवैध शराब तस्करी पर रोक लगी है, बल्कि यह भी संदेश दिया गया है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com